भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3479

13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बजट में आयुष के लिए पहल

3479. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आयुष क्षेत्र, जिसके अन्तर्गत एम्स के फ्रेमवर्क के आधार पर बनाए जाने वाले तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों (एआईआईए) की स्थापना की जानी है, के लिए केन्द्रीय बजट 2026-27 में प्रमुख पहलों का प्रस्ताव किया गया है और यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इन पहलों के लिए निर्धारित बजटगत आबंटन, जिसके अन्तर्गत तीन एआईआईए और पाँच क्षेत्रीय आयुष चिकित्सा केन्द्रों में से प्रत्येक के लिए पूँजीगत और आवर्ती व्यय के वितरण के साथ प्राक्कलित व्यय आता है, का ब्यौरा क्या है:

(ग) क्या सरकार को प्रस्तावित संस्थानों और चिकित्सा केंद्रों को अपने यहाँ स्थापित किए जाने के लिए संसद सदस्यों, राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों की ओर से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो अब तक प्राप्त प्रस्तावों का राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ङ) प्रस्तावित स्थानों, प्रस्तुत सहायक अवसंरचना और इस संबंध में विचार-विमर्श की वर्तमान स्थिति संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा देश में नए संस्थानों और केंद्रों के चयन को अंतिम रूप देने और कार्यान्वयन शुरू करने की राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार और स्थानवार अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (च): 1 फरवरी, 2026 को केंद्रीय बजट 2026-27 प्रस्तुत करते समय तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) स्थापित करने की घोषणा की गई है। इन तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों (एआईआईए) की स्थापना के लिए तौर-तरीके तैयार किए जा रहे हैं।

*****